नेताजी जयन्ती

नेताजी सुभाष चंद्र बोस रङ्गभरो प्रतियोगिता में जिला में कुमार अनुभव अव्वल

देवघर। पिछले दिन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर स्थानीय विवेकानंद शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान तथा योगमाया मानवोत्थान ट्रस्ट के युग्म बैनर तले रङ्गभरो प्रतियोगिता का आयोजन देश के विभिन्न शहरों में सम्पन्न हुआ था। आज जिला स्तरीय विजेताओं के नामों की घोषणा की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवघर जिला में गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल के कुमार अनुभव को प्रथम, देवसंघ नेशनल स्कूल के शौर्य कश्यप को द्वितीय, डीएवी की दिशा रजनीश सिंह एवं आदर्श राज को क्रमशः तृतीय एवं चतुर्थ, जानकी विद्या मंदिर, रोहिणी की रुही कुमारी को पंचम व माउंट कार्मेल पब्लिक स्कूल की रुचि सिन्हा को षष्ठ स्थान प्राप्त हुआ है। सभी विजेताओं को 23 फरवरी को वेक्सो इंडिया के संरक्षक प्रो. राम नन्दन सिंह, शोभना सिंह, केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव व अन्य अतिथियों के करकमलों से पुरस्कृत किया जाएगा।